## आज का मौसम

बादल छाए रहने और बारिश के आसार।

34.0⁰ अधिकतम तापमान | 29.0⁰ न्यूनतम तापमान

## शहर में आज

- भाजपा कार्यालय पर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर विचार गोष्ठी शाम 4 बजे।
- डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर रेलवे कॉलोनी इज्जतनगर स्टेशन के पीछे सुबह 11 बजे
- नाथ नगरी जलाभिषेक समिति द्वारा रुद्राभिषेक त्रिवटीनाथ मंदिर में सुबह 7 बजे।
- श्री सोमनाथ मंदिर प्रभात नगर में सामूहिक संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा शाम 4 से 7 बजे।
- एक दिवसीय हड़ताल के आवाह्न को लेकर बरेली ट्रेड यूनियन की बैठक पुराने रोडवेज स्थित यूनियन कार्यालय शाम 5 .30 बजे।
- श्री सनातन धर्म मंदिर प्रबंधन समिति द्वारा श्री सनातन धर्म मंदिर के 26 वें प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव पर एक शाम राधा रानी के नाम 7 :30 बजे।
- रोटरी क्लब आफ बरेली द्वारा आरओ और वाटर कूलिंग मशीन का डोनेशन स्पोर्ट्स स्टेडियम के इन्डोर हाल में शाम 5 बजे।
- सेंट पॉल्स चर्च इज्जतनगर में बिशप सीजी दयानंद का स्वागत सुबह 11 :30 बजे।

## एक नजर

### चौड़े स्लैब डालने से गलियां हुईं सकरी

**बरेली, अमृत विचार :** कैंट के नकटिया की कई गलियों में लोगों ने अपने घरों के आगे कई फुट आगे तक गली में ऊंचे स्लैब डाल लिए हैं। इसकी वजह से गलियां सकरी हो गई हैं और वाहनों को निकलने में काफी परेशानी हो रही है। पिछले दिनों बारिश में पानी घरों के अंदर घुसने से लोगों ने स्लैब और बड़े बनवाने शुरू कर दिए हैं।

### बारिश में स्ट्रीट लाइट न जलने से हो रही दिक्कत

**बरेली, अमृत विचार :** सेटेलाइट से इन्वर्टिस तिराहा तक शाहजहांपुर पर लगीं स्ट्रीट लाइटें कुछ दिन जलने के बाद फिर बंद हो गई हैं। इसकी वजह से बारिश में अंधेरे में गुजरने में काफी दिक्कत हो रही है।







### चौपुला पुल : हर ज्वाइंट पर लग रहे झटके

**बरेली, अमृत विचार :** बदायूं रोड पर चौपुला पुल के एक्पेंशन ज्वाइंट ने राहगीरों का दर्द और बढ़ा दिया है। पिछले दिनों पुल के ज्वाइंट का गैप कम करने के लिए आसपास की सड़क उधेड़ी गई थी। इससे समाधान होने की बजाय समस्या और बढ़ गई। दोपहिया वाहन सवारों और ई–रिक्शा में बैठे लोगों को ज्वाइंट से गुजरने के दौरान जोर का झटका लग रहा है। हर ज्वाइंट पर ब्रेक लगाकर लोगों को बेहद हल्की गति से निकलना पड़ता है। वहीं पुल के दोनों किनारों का फुटपाथ जगह–जगह से टूट गया है। इससे चोट लगने का डर रहता है। इस पुल के रखरखाव का जिम्मा एनएचएआई बदायूं के पास है और इसके परियोजना निदेशक बदायूं बैठते हैं, इसलिए इस ओर कोई ज्यादा ध्यान ही नहीं दे रहा है।

# कांवड़ : सड़कों पर गड्ढे, शिवभक्तों की यात्रा होगी मुश्किल

## 11 जुलाई से सावन माह की होगी शुरुआत, गड्ढे भरवाने के लिए 18 दिन बचे, नगर निगम समेत कई विभागों पर मरम्मत की जिम्मेदारी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचारः** सावन महीने की 11 जुलाई से शुरुआत होगी और शिवभक्त कांवड़ लेकर मंदिरों पर पहुंचने लगेंगे लेकिन उनकी यात्रा मुश्किल भरी हो सकती है। मौजूदा समय में शहर के मंदिरों को जाने वाले कई मार्ग खराब हैं। कई जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं तो कई जगह फुटपाथ टूटे हुए हैं। इसके साथ ही जलभराव की भी समस्या है। ऐसे में अगर 18 दिनों के भीतर गड्ढे नहीं भरे गए तो कांवड़ियों को सतर्कता के साथ यात्रा करनी पड़ेगी। नगर निगम, लोक निर्माण विभाग सहित अन्य विभागों को सड़कों की मरम्मत की जिम्मेदारी दी गई है।

नाथ नगरी में सावन के पहले दिन से ही विभिन्न शिव मंदिरों में भक्तों का तांता लग जाता है और कांवड़ यात्रा भी शुरू हो जाती है। पुलिस चौकी वनखंडीनाथ मंदिर रोड पर टूटी पुलिया बीच रास्ते में है। यहां पर थोड़ी चूक से हादसे का लोग शिकार हो सकते हैं। सावन में कांवड़िये इस रास्ते से ही गुजरेंगे। त्रिवटीनाथ मंदिर में प्रेमनगर और मैकेनियर रोड से होकर गुजरना होता है। यहां पर सड़क टूटी है। बारिश के कारण गड्ढे ने बड़ा आकार ले लिया है। इसी तरह पशुपतिनाथ मंदिर में बारिश के दौरान जलभराव हो जाता है। इस समस्या का निदान भी समय रहते नहीं हुआ तो कई जलभराव के रास्ते भक्तों को गुजरना पड़ेगा। सिटी स्टेशन रोड से अलखनाथ मंदिर को जाने वाले सड़क पर कई जगहों पर गड्ढे हैं।

**विभागों ने बनाई कार्ययोजना :** नगर निगम समेत अन्य विभागों ने सावन के पहले कांवड़ यात्रा को लेकर कार्ययोजना बनाई है। इसमें नगर निगम मार्गों के गहरे गड्ढे भरने, जलभराव खत्म करने और अतिक्रमण हटाने का काम करेगा। वहीं बिजली विभाग रास्तों पर पड़ने वाले खंभों को कुछ ऊंचाई तक प्लास्टिक से ढकेगा। अब देखना है कि सरकारी इंतजाम समय रहते कितना हो पाता है, ताकि भक्तों को परेशानी न हो।



सुभाषनगर में बाबा तपेश्वरनाथ मंदिर को जाने वाला मार्ग है बदहाल। ● अमृत विचार

### कांवड़ यात्रा के रूट का तीन बार पैदल निरीक्षण करेंगे बिजली अधिकारी

**बरेली, अमृत विचार :** बिजली विभाग ने मोहर्रम के जुलूस और सावन में कांवड यात्रा की तैयारी शुरू कर दी है। बरेली जोन प्रथम के मुख्य अभियंता ज्ञान प्रकाश ने रविवार को अधिकारियों के साथ वीडियो कान्फ्रेंसिंग से बैठक की। उन्होंने सभी एसडीओ और जेई को निर्देश दिए कि वह पुलिस और प्रशासन से कांवड़ के साथ मोहर्रम के जुलूस के रूट की लिस्ट ले लें। उसके बाद वह तीन बार उन रूटों का निरीक्षण करके अपनी रिपोर्ट अधिशासी अभियंता को दें। उसके बाद अधिशासी अभियंता निरीक्षण करके अधीक्षण अभियंता को अपनी रिपोर्ट दें। अधीक्षण अभियंता से फाइनल रिपोर्ट मिलने के बाद वह खुद किसी रूट का निरीक्षण करेंगे। अगर उसमें किसी तरह की लापरवाही पाई गई तो कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि खुले रखे ट्रांसफार्मर को भी समय से पहले कवर कर लिया जाए।



प्रेमनगर में मैकेनियर रोड की टूटी सड़क से निकलना हो रहा मुश्किल। ● अमृत विचार



वनखंडी नाथ मंदिर रोड पर टूटी पुलिया से निकलते वाहन चालक।



सिटी स्टेशन रोड पर कई जगह हैं गहरे गड्ढे। ● अमृत विचार

## रात में चढ़ा पारा, आज बारिश के आसार

- अधिकतम तापमान 33.3 और न्यूनतम 29.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज

**बरेली, अमृत विचारः** जिले में अगले 24 घंटे में झमाझम बारिश का अलर्ट मौसम विभाग ने जारी किया है। रात और दिन में तापमान अधिक रहने से लोग उमस भरी गर्मी में परेशान हो गए।

रविवार को अधिकतम तापमान सामान्य से चार डिग्री कम 33.3 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान सामान्य से दो डिग्री अधिक 29.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। न्यूनतम तापमान एक सप्ताह बाद 29 डिग्री के पार गया है। वहीं नमी का स्तर 95 फीसदी दर्ज किया गया है।

आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ मौसम विज्ञानी डॉ. अतुल कुमार के मुताबिक निम्न वायुदाब का क्षेत्र बनने से रुहेलखंड क्षेत्र में अगले 24 घंटे में मानसून की दस्तक हो सकती है। दक्षिण पश्चिम मानसून के सक्रिय होने से तीन-चार दिनों तक मेघ गर्जन, वज्रपात और भारी बारिश की संभावना है। वहीं रविवार को उच्च वायुदाब का क्षेत्र बनने से दिनभर तेज धूप रही पर बादल मंडराने से तापमान लुढ़का। फिलहाल, बारिश हुई तो लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिलेगी।

# जिले में मलेरिया मरीजों की संख्या पहुंची 325, दो गंभीर

- जिला अस्पताल में दोनों मरीजों को मलेरिया वार्ड में किया भर्ती

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** जिले में मलेरिया मरीजों की संख्या अब तेजी से बढ़ रही है। अब तक 325 मरीजों में मलेरिया की पुष्टि हो चुकी है। रविवार को जिला अस्पताल की इमरजेंसी में बुखार की वजह से भर्ती हुए दो मरीजों में भी मलेरिया की पुष्टि हुई है। उन्हें मलेरिया वार्ड में शिफ्ट किया गया है। दोनों की हालत गंभीर है।

कैंट के सिरसापुर निवासी 60 वर्षीय महिला को कई दिनों से बुखार आ रहा था। हालत बिगड़ने पर परिजन 20 जून को उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां लक्षण होने पर महिला की मलेरिया जांच कराई गई जिसमें वह मलेरिया ग्रसित मिली है। अगले ही दिन उन्हें मलेरिया वार्ड में शिफ्ट कर दिया गया। इसके अलावा नवाबगंज निवासी 40 वर्षीय युवक भी बुखार की वजह से 19 जून को इमरजेंसी में भर्ती कराया गया। मलेरिया ग्रसित मिलने पर उसे भी मलेरिया वार्ड में शिफ्ट कर दिया गया है। फिलहाल, मलेरिया के रोगियों की संख्या में तेजी से इजाफा हो रहा है।

### जून में सामने आए 50 से अधिक मरीज

जिला मलेरिया अधिकारी सत्येंद्र सिंह ने बताया कि अधिक से अधिक मरीजों की समय पर जांच के साथ इलाज आरंभ हो सके इसके लिए 1 जून से एंटी मलेरिया माह चल रहा है। टीमें घर–घर बुखार रोगी चिह्नित कर उनकी जांच कर रही हैं। जून में 50 से अधिक मरीज सामने आ चुके हैं। जनवरी से अब तक 325 मरीजों में जानलेवा मलेरिया की पुष्टि हो चुकी है।

## 54 घरों में पकड़ी बिजली चोरी, 214 कनेक्शन काटे

**बरेली, अमृत विचारः** मुख्य अभियंता के निर्देश पर बिजली विभाग ने रविवार को ग्रामीण क्षेत्र में मॉर्निंग रेड डाली। इस दौरान 54 जगहों पर बिजली चोरी पकड़ी गई। जिसके बाद चोरी करने वालों पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई।

मुख्य अभियंता वितरण बरेली क्षेत्र-प्रथम ज्ञान प्रकाश के निर्देश पर रविवार को विद्युत वितरण खंड रामपुर रोड, शाहजहांपुर रोड, बहेड़ी और आंवला में अधिशासी अभियंता के नेतृत्व में हाई लाइन लॉस और हॉट स्पॉट क्षेत्रों में मॉर्निंग रेड और कांबिंग की गई। इस दौरान 831 उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शन चेक किए गए, जिसमें 47 का विद्युत भार बढ़ाया गया और 21 उपभोक्ताओं के मीटर बदले गए। इसके साथ 54 लोगों के विरुद्ध बिजली चोरी की एफआईआर दर्ज कराई गई। 214 उपभोक्ताओं का विद्युत विच्छेदन किया गया।

# आईवीआरआई के दीक्षांत में शामिल होंगी राष्ट्रपति

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचारः** भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई) का 11वां दीक्षांत समारोह 30 जून को स्वामी विवेकानंद सभागार में आयोजित किया जाएगा। समारोह में मुख्य अतिथि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू रहेंगी। राष्ट्रपति कार्यालय से उनके कार्यक्रम की अनुमति मिल गई है।

राष्ट्रपति को कार्यक्रम में बुलाने के लिए आईवीआरआई प्रशासन कई महीनों से प्रयासरत था। समारोह के दौरान राष्ट्रपति की ओर से विभिन्न शैक्षणिक कार्यक्रमों के विद्यार्थियों को उपाधियां और पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। समारोह में 576 छात्र-छात्राओं जिसमें बीवीएससी एंड एएच के 41, एमवीएससी के 328, पीएचडी की 207 को उपाधियां और पुरस्कार दिए जाएंगे।

इसके अलावा 24 छात्र-छात्राओं को स्वर्ण, रजत और कांस्य पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। 40 प्रतिष्ठित पुरस्कार संस्थान के मेधावी छात्रों और वैज्ञानिकों को भी दिए जाएंगे।



- 30 जून को 11वें दीक्षांत समारोह में विद्यार्थियों को उपाधियां और पुरस्कार प्रदान करेंगी

# उपसभापति सहित छह सदस्यों का कार्यकाल समाप्त, 25 को चुनी जाएगी नई कार्यकारिणी

- नगर निगम के राजनीतिक गलियारों में चर्चा तेज-भाजपा का होगा उपसभापति

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचारः** नगर निगम की कार्यकारिणी के 12 सदस्यों में उपसभापति समेत छह का कार्यकाल रविवार को पूरा हो गया। अब नई कार्यकारिणी का चुनाव 25 जून को होना है। इसको लेकर सरगर्मी तेज हो गईं। कार्यकारिणी में जगह पाने के लिए अपनी पैरवी में कुछ पार्षद जुटे हैं।

रविवार को उप सभापति सर्वेश रस्तोगी, कार्यकारिणी के पार्षद गरिमा कमांडो, नीरज, सागर मौर्य, सलीम पटवारी, सौरभ कुमार का दो साल का कार्यकाल पूरा हो गया। जबकि नरेंद्र सिंह, संतोष कश्यप, रितिका किशोर, हरिशंकर लोधी, अंजुल गंगवार ओमान खान कार्यकारिणी के सदस्य बने रहेंगे। इनका कार्यकाल अभी एक साल का हुआ है। नई कार्यकारिणी के चुनाव की तारीख तय होने के बाद नगर निगम में पार्षदों के बीच सरगर्मी तेज हो गई है। सबसे अधिक भाजपा के पार्षद जगह पाने के लिए पैरवी में जुटे हैं क्योंकि 12 सदस्यीय कार्यकारिणी में भाजपा की संख्या 10 और सपा की सिर्फ दो है। इसमें सपा पार्षद सलीम पटवारी इस बार रिटायर हो गए हैं। इनकी जगह पर सपा से एक को जगह मिलनी है। कार्यकारिणी में भाजपा के बहुमत से अधिक पार्षद होने के कारण उपसभापति भाजपा का ही होना तय है। कार्यकारिणी के चयन में मेयर और पार्टी की भूमिका सबसे अहम मानी जाती है। इस वजह से कार्यकारिणी में जगह पाने के लिए लाइन में लगे भाजपा पार्षद अपनी मजबूत पैरवी कर रहे हैं, जबकि सपा से एक पार्षद को कार्यकारिणी में जाना है।

### निर्विरोध निर्वाचन की संभावना

नगर निगम की कार्यकारिणी के सदस्यों का चुनाव करीब सात बार से निर्विरोध हो रहा है। भाजपा के अधिक पार्षद होने के कारण इस बार भी निर्विरोध निर्वाचन की संभावना है। अगर नियमों की बात की जाए तो पहले साल कार्यकारिणी के 12 सदस्यों का चुनाव होने के एक साल बाद लाटरी सिस्टम से छह सदस्य रिटायर हो जाते हैं। इनकी जगह पर नए सदस्य कार्यकारिणी में शामिल किए जाते हैं। अगर चुनाव होता है तो एक कार्यकारिणी के सदस्य के चयन के लिए 14 वोट चाहिए होंगे। इसके लिए भाजपा के पास पार्षदों की संख्या पर्याप्त है। 52 पार्षद भाजपा, पांच सपा और दो कांग्रेस के हैं। निर्दलीय चुने गए 20 पार्षद तो हैं लेकिन इसमें से कुछ भाजपा में जा चुके हैं। वहीं दो पार्षदों का निधन होने के कारण सीट रिक्त हो गई है।

# औद्योगिक कॉरिडोर के जरिए कॉमर्शियल हब बनाने की तैयारी में विकास प्राधिकरण

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचारः** बरेली विकास प्राधिकरण आवासीय योजनाओं के साथ ही अब वेयरहाउस, लॉजिस्टिक हब की ओर कदम कदम बढ़ा रहा है, ताकि उद्योग लगाने वाले उद्यमियों को जरूरत के हिसाब से भू खंड उपलब्ध कराया जा सके। इसको लेकर प्राधिकरण ने औद्योगिक कॉरिडोर का खाका तैयार कर शासन को रिपोर्ट भेजी है।

बीडीए आवासीय टाउनशिप के तहत राम गंगा नगर, ग्रेटर बरेली सहित अन्य आवासीय योजनाओं की सफलता के बाद औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने की तैयारी में है। इसमें परसाखेड़ा, बदायूं रोड, फरीदपुर हाईवे को चिह्नित कर औद्योगिक कॉरिडोर के रूप में विकसित करने के लिए रिपोर्ट शासन को भेजी गई है, जो बरेली के तीन छोर पर औद्योगिक क्षेत्र होंगे। ताकि उद्यमी अपनी सुविधा के अनुसार किसी भी जगह पर उद्योग स्थापित कर सकेंगे।





- आवासीय योजनाओं के साथ व्यवसायिक गतिविधियों के लिए भूखंड उपलब्ध कराने पर जोर
- प्राधिकरण ने औद्योगिक कॉरिडोर का खाका तैयार कर शासन को रिपोर्ट भेजी

### यह है कॉरिडोर बनाने की योजना

लघु एवं मध्यम उद्योग (एमएसएमई) सेक्टर टाउनशिप में कई सुविधाएं उपलब्ध हैं। इसमें वेयरहाउस, लॉजिस्टिक और ट्रांसपोर्ट की बेहतर सुविधाएं देने की योजना प्राधिकरण ने बनाई है। इसमें परसाखेड़ा से बदायूं रोड को जोड़ा जाएग। जबकि फरीदपुर रोड स्थित रजऊ परसपुर गांव के पास बीडीए की पुरानी ट्रांसपोर्ट नगर योजना है, जिसे पूरी तरह विकसित किया जाएगा। वहीं, रहपुरा जागीर की जमीन पर चकबंदी प्रक्रिया पूरी होने वाली है। इसके बाद भूखंड आवंटित करने की प्रक्रिया पूरी की जाएगा, यह नेशनल हाईवे से जुड़ा हुआ है।

# सड़क की 40 साल की गारंटी का दावा पर मानकों की अनदेखी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- सीएम ग्रिड : 10 साल तक सड़क की नहीं हो सकेगी खुदाई
- घटिया क्वालिटी के पाइप का मामला आ चुका है सामने

**अमृत विचारः** सीएम ग्रिड योजना के तहत बनाई जा रही सड़कों की 40 साल की गारंटी का दावा अधिकारी कर रहे हैं। इन सड़कों की 10 साल तक खुदाई नहीं करनी पड़ेगी लेकिन हकीकत है सड़क निर्माण के कामों में मानकों की अनदेखी की जा रही है। घटिया क्वालिटी की पाइपलाइन डालने का मामला पकड़ में आने के बाद काम की गुणवत्ता पर सवाल खड़े होने शुरू हो गए हैं।

मुख्यमंत्री ग्रीन रोड इंफ्रास्ट्रक्चर डवलपमेंट (ग्रिड) के तहत मॉडल टाउन में 58.17 करोड़ रुपये से 3400 मीटर लंबी सड़क, फुटपाथ, सीवर, जलकल, स्टार्म वाटर की पाइप लाइन और बिजली के तार भूमिगत किया जाना है। टेंडर की शर्तों पर गौर किया जाए तो 10 साल सड़क की खुदाई करने की अनुमति नहीं है। साथ ही सीएम ग्रिड की सड़क की गारंटी 40 साल की होती है, पर सवाल तो यह है कि निर्माण के दौरान मिली कमियों के भरोसे सड़क की गारंटी कैसे पूरा होगी। अभी जो मामला सामने आया है, इसमें आरसीसी ह्यूम पाइप लाइन डाली जा रही थी, जो मानक के अनुरूप नहीं है। क्वालिटी ठीक न होने के कारण इसे बदलना पड़ रहा है। कुछ जगहों पर डाली गई पाइप अभी जस की तस है।

बारिश का मौसम शुरू हो गया है लेकिन चैंम्बर को मिट्टी से ढका नहीं गया है। इतना ही नहीं मॉडल स्ट्रक्चर भी तैयार नहीं है। चैम्बर में हनी कॉम्बिंग में कमी पाई जा चुकी है। निर्माण के साथ ही कुछ स्थानों पर प्लास्टर क्षतिग्रस्त हो गया और पीसीसी मानक के अनुसार नहीं कराया गया था। वहीं स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज के कैप न होने से चोक होने की संभावना बनी हुई है। व्यापक पैमाने पर निर्माण में लापरवाही सामने आने पर अब गारंटी अवधि पर सवाल खड़ा हो रहा है। इसमें में भी सबसे अधिक कमियां भूमिगत कार्यों में सामने आई है।



घटिया क्वालिटी की पाइप गिरते ही हो गई क्षतिग्रस्त। ● अमृत विचार

### 6 फरवरी तक काम पूरा होना है

सीएम ग्रिड का काम कार्यदायी संस्था अनमोल एसोसिएट्स को 14 माह में पूरा करना है। 7 नवंबर 2024 से शुरू हुए काम को 6 फरवरी को 2026 को काम पूरा हो जाना है लेकिन काम में कमियां पाए जाने पर सुधार किया जा रहा है। इसका असर प्रोजेक्ट पर भी पड़ सकता है। क्योंकि कुछ जगहों पर फिर से काम होने में समय लगेगा।

> फर्म ने कार्यों में लापरवाही बरती है। इसको लेकर सुधार के लिए नोटिस जारी किया गया है। हर हाल में फर्म को मानक पूरा करना होगा नहीं तो आगे की कार्रवाई की जाएगी। –**मनीष अवस्थी**, चीफ इंजीनियर

प्रवेश प्रारम्भ
चन्द्रलोक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस
रजऊपरसपुर (बरेली) उ.प्र.
चिकित्सा के क्षेत्र में उज्जवल भविष्य बनाने हेतु उत्तम संस्थान
• उ.प्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी लखनऊ एवं उ.प्र. सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
• सरकारी, अर्द्धसरकारी, सेना एवं विदेश में नौकरी के लिए मान्य
स्थान सीमित शीघ्र प्रवेश लें
• सरकारी मानकों के अनुसार फीस एवं छात्रवृत्ति
GNM (जनरल नर्सिंग एण्ड मिडवाइफरी) 3 Years (इंटरमीडिएट)
आयुष्मान भारत योजना एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय योजना में निःशुल्क इलाज
विशेष सुविधाएं
• मेडिक्लेम, बीमा योजना
• ICU वेन्टीलेटर सुविधा
सिटी ऑफिस
चन्द्रलोक हॉस्पिटल
दूरबीन विधि द्वारा
• पित्त की थैली, पित्त की नली की पथरी (Lap Chole, ERCP), गुर्दे, यूरेटर की पथरी (PCNL, URS)
• प्रोस्टेट (गदूद) (TURP, TURBT)
• रसौली, बांझपन की जाँच
• बबासीर, हर्निया का ऑपरेशन
• मेडिक्लेम • स्त्री एवं प्रसूति रोग
• सभी प्रकार की सर्जरी
• पैथोलॉजी, अल्ट्रासाउण्ड
• ट्रॉमा, हेड इंजरी, फ्रेक्चर आदि।
• ICU, कार्डियक मॉनिटर, वेन्टिलेटर,
• हृदय, सांस, गुर्दा रोग एवं डायबिटीज
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
सम्पर्क करें-
9458882565
9410002566
8859493000

## राईसती मेले के आयोजन की अनुमति को लेकर विवाद

**आंवला, अमृत विचार :** कस्बे के रामनगर रोड पर आषाढ़ मास में लगने वाले राईसती मेले के आयोजकों में विवाद हो गया है। एक व्यक्ति ने दूसरे पर मेले की परमिशन बनवाने का आरोप लगाकर, उसकी परमिशन निरस्त कर उसके नाम से देने की मांग करते हुए सम्पूर्ण समाधान दिवस में शिकायत दी है।

कस्बे के मोहल्ला गंज रतनलाल वाली गली निवासी प्रेमपाल कश्यप उर्फ प्रेम टेलर ने बताया रामनगर रोड पर राईसती देवी का मेला लगता है। वह राईसती देवी का वंशज है। वह मेले का प्रबंधक और आयोजक है। उन्होंने आरोप लगाया कि कस्बा निवासी एक व्यक्ति ने फर्जी तरीके से अपने आपको मेला आयोजक बताकर मेले की परमिशन ले ली है। उन्होंने उक्त परमिशन को निरस्त कर उसके नाम से परमिशन जारी करने की मांग की है।

# पौधरोपण अभियान से आमजन के साथ संगठनों को भी जोड़ें

### वनमंत्री बोले- जुलाई के प्रथम सप्ताह में प्रदेश में 35 करोड़ पौधे रोपे जाएंगे

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** वनमंत्री डॉ. अरुण कुमार ने रविवार को सीबीगंज स्थित वन संरक्षक कार्यालय के सभागार में रुहेलखंड जोन में किए जाने वाले पौधरोपण अभियान की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि इस बार प्रदेश में जुलाई के प्रथम सप्ताह में 35 करोड़ पौधे रोपे जाने हैं। इसको लेकर नोडल अधिकारियों के साथ बैठक कर समीक्षा की जा रही है। जिले में 32 लाख पौधे रोपे जाने हैं।

वन मंत्री ने निर्देश दिए कि पौधरोपण अभियान में अधिक से अधिक जन सहभागिता सुनिश्चित करें। जनप्रतिनिधि, महिलाएं, छात्र, संगठन, स्वयं सहायता समूह और विभिन्न विभागों के कर्मचारियों को अधिक से अधिक संख्या में पौधारोपण अभियान से जोड़ें। स्वयं सहायता समूह और एनजीओ पौध लगाने में सहयोग करें। पौधे व स्थान वन विभाग उपलब्ध कराएगा। उन्होंने कहा कि नदियों के किनारे अधिक से अधिक पौधे लगाए जाएं, जिसमें पाकड़, बरगद, नीम आदि के पौधे शामिल हों। जिले नोडल अधिकारी ललित वर्मा अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक ने नर्सरियों में पांच छाया और फलदार पौधों के रोपण के निर्देश दिए। प्रधान मुख्य वन संरक्षक बी प्रभाकर, मुख्य वन संरक्षक रुहेलखंड जोन पीपी सिंह, वन संरक्षक मुरादाबाद रमेश चंद्रा, प्रभागीय वनाधिकारी मुरादाबाद सूरज, प्रभागीय वनाधिकारी बरेली दीक्षा भंडारी, प्रभागीय वनाधिकारी शाहजहांपुर नवीन खंडेलवाल, प्रभागीय वनाधिकारी पीलीभीत भरत कुमार डीके, प्रभागीय वनाधिकारी बदायूं प्रदीप कुमार वर्मा आदि मौजूद रहे।



अफसरों के साथ बैठक करते वनमंत्री डॉ. अरुण कमार। ● अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### वन मंत्री ने 40 कर्मशील महिलाओं को किया सम्मानित




**बरेली, अमृत विचार :** मानव सेवा क्लब की ओर से रविवार को रोटरी भवन में सम्मान और गीत-संगीत समारोह का आयोजन हुआ। मां शारदे की वंदना मधु वर्मा ने प्रस्तुत की। मुख्य अतिथि वनमंत्री डॉ. अरुण कुमार ने 40 से ज्यादा कर्मशील महिलाओं को उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया। मुख्य अतिथि ने क्लब अध्यक्ष सुरेन्द्र बीनू सिन्हा को वर्ष में सर्वाधिक 104 सेवा कार्य करने पर प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया। सम्मानित होने वाली महिलाओं में अरुणा सिन्हा, शकुन सक्सेना, मीरा मोहन, रश्मि, प्रीति, मंजू, नीतू, मधु, शोभा, अनिला, दीप्ति, उषा अमिता चक्रवर्ती आदि शामिल हैं। गीत-संगीत संध्या में कलाकारों ने लता, किशोर, मुकेश और रफी के सदा बाहर हिट गीत सुनाकर समा बांध दिया। मुकेश सक्सेना, प्रकाश सक्सेना, डॉ.अतुल वर्मा, असित रंजन, एएल गुप्ता, राजीव चक्रवर्ती, सत्येन्द्र सक्सेना, ब्रजेश, सुनील, जीआर पाल आदि ने गीतों की प्रस्तुति दी। अजय चौहान और उनकी टीम का संगीत बेहतर रहा। नीरज प्रधान, राजेश प्रकाश, वंदना प्रकाश, निर्भय सक्सेना, अनिल सक्सेना, डीडी शर्मा, शोभा सक्सेना, मधुरिमा का सहयोग रहा। महासचिव प्रदीप माधवार ने आभार व्यक्त किया।

### सब स्टेशन के निर्माण में देरी पर विधायक ने जताई नाराजगी



**बरेली, अमृत विचार :** कैंट विधायक संजीव अग्रवाल ने रविवार को पवन विहार में बन रहे 132 केवी सबस्टेशन का बिजली विभाग के अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। इस दौरान निर्माण में देरी पर उन्होंने अफसरों पर नाराजगी जताते हुए जल्द निर्माण कार्य पूरा कराने के निर्देश दिए। इस अवसर पर महानगर उपाध्यक्ष अरुण कश्यप, महानगर मंत्री अमरीश कठेरिया और मुख्य अभियंता शहर, अधिशासी अधिकारी प्रथम, अधिशासी अभियंता सप्लाई, अधिशासी अभियंता कनेक्शन आदि उपस्थित रहे।

### डॉ. विवेक बने चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश महामंत्री



**कैंट, अमृत विचार :** राष्ट्र जागरण ट्रस्ट एवं सर्वजन समाज सहयोग समिति की ओर से संचालित राष्ट्र जागरण युवा संगठन प्रदेश अध्यक्ष नन्दू सिंह ने कैंट के लालफाटक स्थित श्री न्यू नारायण अस्पताल के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. विवेक कुमार को संगठन के चिकित्सा प्रकोष्ठ का प्रदेश महामंत्री मनोनीत किया है। संगठन के पदाधिकारियों ने नवनियुक्त पदाधिकारी को शुभकामनाएं दी हैं।

# विश्व का हिंदू समाज भारत की ओर आशा भरी नजरों से देख रहा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- केशव कृपा भवन में विहिप की बैठक में बोले-राष्ट्रीय प्रवक्ता देव भाई रावत



बैठक में मौजूद राष्ट्रीय प्रवक्ता देव भाई रावत व अन्य।

**अमृत विचार :** विश्व हिंदू परिषद के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं अखिल भारतीय सामाजिक समरसता प्रमुख देव भाई रावत ने कहा कि आजादी के बाद पूरे विश्व का हिंदू समाज भारत की ओर आशा भरी नजरों से देख रहा है।

विश्व के हिंदू समाज को ऐसा लग रहा है कि अब भारत देश में ही हिंदुओं की सुरक्षा हो सकती है। उन्होंने ये बातें रविवार को विहिप की ओर से केशव कृपा कार्यालय में आयोजित बैठक में कहीं। उन्होंने बताया कि जब त्रिनिनाद के शंभूनाथ कपिलदेव भारत में हिंदुओं की रक्षा की गुहार लगाने आए तो देश के लगभग सभी भागों से इसके एक सेक्युलर राष्ट्र होने के कारण हिंदुओं की सुरक्षा के लिए अलग से कोई व्यवस्था न कर पाने की असमर्थता व्यक्त की गई। तब शंभूनाथ कपिलदेव संघ के द्वितीय सरसंघचालक सदाशिवराव माधवराव गोलवलकर उपाख्य गुरु से मिले तो उनकी बात को समझते हुए दादा साहब आप्टे, चिन्मयानंद, मास्टर ताराचंद आदि के सहयोग से श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के दिन मुंबई के सांदीपनी आश्रम में विहिप की स्थापना की गई। देव रावत ने कहा कि धर्मांतरण, गोवंश हत्या रोकना, छुआछूत को मिटाना, हिंदुओं में गौरव का भाव पैदा करना, ये सब विहिप के मूल उद्देश्य हैं।

इस दौरान मानवेंद्र सिंह राणा, देवेंद्र सिंह सोम, डॉ. हिमांशु अग्रवाल, आशु अग्रवाल, संजय शुक्ला, चंद्रप्रभा, मनीष कुमार, नीरू भारद्वाज, राजेश पाठक, संजय भदौरिया, अविनाश मिश्रा, तरुण कपूर, सुनीता सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

# शाकुंतलम मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल का आरंभ, मिलेंगी बेहतर सुविधाएं

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** सौ फुटा तिराहा स्थित नवनिर्मित शाकुंतलम मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल का उद्घाटन रविवार को किया गया। हॉस्पिटल में मरीजों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी।

अस्पताल का निर्माण सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष अगम कुमार मौर्य ने कराया है। उनके छोटे भाई डॉ. अमन मौर्य चिकित्सा सुविधा देंगे। हॉस्पिटल का उद्घाटन डॉ. अमन मौर्य की माता शकुंतला मौर्य, बहेड़ी विधायक अताउर्रहमान, जिलाध्यक्ष शिवचरण कश्यप, पूर्व जिलाध्यक्ष वीरपाल सिंह यादव ने किया। विधायक शहजिल इस्लाम, महानगर अध्यक्ष शमीम खां सुल्तानी, विजय पाल सिंह, शुभलेश यादव, डॉ. अनीस बेग, मनोहर पटेल, डॉ. अनीस खां, प्रमोद बिष्ट, सतेंद्र श्रीवास्तव, दीपक शर्मा, शुजा खान, जैनब फातिमा, सुनीता यादव, चमन सिंह यादव, असलम खां, अतुल पाराशरी, डॉ. पीयूष, डॉ. अमित कुमार, डॉ. संजय सिंह, डॉ. अदिति गुप्ता, डॉ. आशुतोष कुमार, डॉ. ऋषि सैनी, डॉ. नीरज आनंद, डॉ. प्रमोद तिवारी, डॉ. रोशनी, डॉ. चेतन मौजूद रहे।


हॉस्पिटल का आरंभ करतीं शकुंतला मौर्य, विधायक अताउर्रहमान, जिलाध्यक्ष शिवचरण कश्यप, पूर्व जिलाध्यक्ष वीरपाल सिंह यादव व अन्य। ● अमृत विचार

### किफायती दामों पर मिलेगा इलाज

डॉ. अमन मौर्य ने कहा कि अस्पताल में किफायती दामों पर मरीजों को सभी प्रकार की चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना उद्देश्य है। बड़े भाई राजनीति के माध्यम से लंबे समय से लोगों की सेवाएं कर रहे हैं। अब हमें चिकित्सा क्षेत्र में भी लोगों की सेवा करने का अवसर मिला है। जल्दी अस्पताल में आयुष्मान कार्डधारकों के लिए भी इलाज की सुविधा मिलेगी। अस्पताल 24 घंटे इमरजेंसी सुविधा देगा और ओपीडी में सभी प्रकार के विशेषज्ञ मौजूद रहेंगे। घुटने का प्रत्यारोपण भी किया जाएगा।

### मरीज नहीं होंगे निराश, बेहतर इलाज प्राथमिकता

अस्पताल के चेयरमैन इंजीनियर अगम मौर्य ने बताया कि अस्पताल से कोई भी निराश नहीं लौटेगा। किसी भी स्थिति में हम लोगों की चिकित्सा करने को प्राथमिकता देंगे। यदि कोई आर्थिक रूप से कमजोर है तो उनकी भी मदद की जाएगी, उन्हें निशुल्क इलाज उपलब्ध कराया जाएगा। चेस्ट संबंधी रोग विशेषज्ञ डॉ. अमित कुशवाहा ने बताया कि वह भी प्रतिदिन शाम को 6 बजे अस्पताल में उपस्थित रहेंगे और चेस्ट संबंधी रोगियों का उपचार करेंगे।

# नवम हरेला महोत्सव का आयोजन 20 जुलाई को होगा

- अखिल भारतीय उत्तराखंड महासभा ने की बैठक

**बरेली, अमृत विचार :** नवम हरेला महोत्सव 20 जुलाई को सीबीगंज के सरस्वती शिशु मंदिर में आयोजित किया जाएगा। इस संबंध में अखिल भारतीय उत्तराखंड महासभा ने रविवार को विद्युत निरीक्षण भवन में बैठक की।

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद घिल्डियाल ने बताया कि 17 जुलाई को महासभा की ओर से भोलेनाथ मंदिर सीबीगंज स्लीपर रोड पर रुद्राभिषेक का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही पौधरोपण भी किया जाएगा। नवम हरेला महोत्सव में पर्यावरण को समर्पित एक वृक्ष मित्र सम्मान, नागरिक अभिनंदन, उत्तराखंड गौरव सम्मान के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं प्रतिभाशाली बच्चों को सम्मानित किया जाएगा। जिलाध्यक्ष देवेंद्र सिंह देवलिया, महामंत्री चंदन सिंह नेगी ने भी विचार रखे। सभी पदाधिकारी ने अहमदाबाद में हुए विमान हादसे में जान गंवाने वालों एवं महासभा के संरक्षक स्वर्गीय डी. न रतूरी को श्रद्धांजलि दी। कोषाध्यक्ष केसी जोशी, दामोदर लोहानी, उमेश बिनवाल, चंद्रप्रकाश जोशी, पुष्कर सिंह बोहरा, पीएस बोनल, महेसानंद, भास्कर सिंह रावत, पुष्कर सिंह राणा, गोपाल सिंह महर, दीवानी चंद आदि मौजूद रहे।


बैठक में मौजूद अखिल भारतीय उत्तराखंड महासभा के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

## दूसरी जांच रिपोर्ट में भी झोल, परीक्षण के लिए बैंक का सहारा

**बरेली,अमृत विचार :** भदपुरा ब्लॉक की साधन सहकारी समिति नौगवां भगवंतापुर के तत्कालीन सचिव पर लगे अनियमितता के आरोपों को लेकर शुरू हुई जांच तीन माह बाद भी पूरी नहीं हो सकी है। एक सप्ताह में जांच कर रिपोर्ट देने के आदेश के महीनों गुजर जाने के बाद दो बार रिपोर्ट आई, मगर दोनों ही बार रिपोर्ट गोलमोल रही। अब विभागीय अधिकारी बैंक से भी परीक्षण करा रहे हैं।

समिति के तत्कालीन सचिव रतेंद्र पाल पर किसान अवधेश कुमार, झम्मनलाल, रामभरोसे आदि ने तीन माह पहले आरोप लगाया था। कहा था कि खाद और बीज के उन्होंने पैसे तत्कालीन सचिव को दे दिए थे, मगर आरोप था कि सचिव ने पैसों को समिति में जमा ही नहीं किया। किसानों ने एआर कोऑपरेटिव से शिकायत की। नवाबगंज तहसील के अपर जिला सहकारी अधिकारी सुधाकर राय को जांच अधिकारी नामित किया गया। एआर कोऑपरेटिव ब्रजेश सिंह परिहार ने बताया कि दूसरी बार आई रिपोर्ट में भी कई कमियां प्रतीत हुई हैं। इस वजह से बैंक से भी परीक्षण कराया जा रहा है।

अमृत विचार
Lifelines OF BAREILLY MEDICAL
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

ADITYA
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा।
अल्ट्रासाउण्ड द्वारा पर्दे की जांच की सुविधा उपलब्ध।
80000 से अधिक आँखों के ऑपरेशन का अनुभव
IOL Master 700 द्वारा लैंस का नंबर
लेजर द्वारा आँख की झिल्ली हटाने की सुविधा उपलब्ध।
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
OCT द्वारा काला पानी एवं पर्दे की जांच व उपचार
8077344353
समयः- प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री ऑपरेशन की सुविधा

डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB, MNAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली


डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन - 8979252222, 9457663289

## वरिष्ठ नागरिकों ने पार्षद आरेंद्र को दी श्रद्धांजलि

**बरेली, अमृत विचार :** वरिष्ठ नागरिक कल्याण सोसायटी उत्तर प्रदेश के पदाधिकारियों ने रविवार को शोक सभा आयोजित कर जनकपुरी वार्ड के पार्षद आरेंद्र अरोड़ा उर्फ कुक्की के निधन पर शोक जताया। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. महेंद्र कुमार सक्सेना, जीके अग्रवाल, केपी सेन, महामंत्री रफात अली, कुमार पारस ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान विजेंद्र पवार, नीतू द्विवेदी, बॉबी खुराना, सतीश कश्यप, बिट्टू आनंद, लटूरी प्रसाद, फिरोज शम्सी, मुरारी लाल आदि मौजूद रहे।

### गंदगी से नालियां चोक

**बरेली, अमृत विचार :** शहर के मोहल्ला गंगानगर में गंदगी से नालियां चोक हैं। इसकी वजह से लोग परेशान हैं। स्थानीय नागरिकों के अनुसार नालियां गंदगी से बजबजा रही हैं। इस कारण मच्छर पनप रहे हैं। उन्होंने नगर निगम से नालियों की नियमित सफाई कराने की मांग की है, ताकि जलनिकासी सुचारू रहे।

# फिर से सुनने की कला सिखाता हुंकारो

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- विंडरमेयर में नाटककार मोहित टाकलकर के नाटक का मंचन
- उजागर ड्रामेटिक एसोसिएशन के कलाकारों ने किया प्रस्तुत


विंडरमेयर में नाटक का मंचन करते कलाकार। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** कोविड लॉकडाउन ने हम सभी के भीतर दृश्यों और शोर का उपभोग करने की एक अतृप्त भूख पैदा की, जिसने हमारे अंदर सुनने के लिए बहुत कम या लगभग कोई जगह नहीं छोड़ी।

सुनने की इसी कला को फिर से जीवित करने की एक कोशिश रविवार शाम विंडरमेयर थिएटर में नजर आई, जब जयपुर की उजागर ड्रामेटिक एसोसिएशन के कलाकारों ने जाने-माने नाटककार मोहित टाकलकर का नाटक हुंकारो प्रस्तुत किया। हुंकारो का अर्थ है मौखिक पुष्टि, श्रोता की वह प्रतिक्रिया जो यह दर्शाती है कि वह कहानी सुन रहा है, समझ रहा है और कहानी के साथ यात्रा कर रहा है।

मोहित की इसी परिकल्पना को कलाकारों ने उनके निर्देशन में जीवंत बना दिया। मारवाड़ी, हिंदी, हरियाणवी और अवधी में विजयदान देथा, चिराग खंडेलवाल और अरविंद चारण की कहानियों में रचा-बुना हुंकारो एक नये व्याकरण और वाक्य-विन्यास तक पहुंचने की कोशिश करता है और एक हद तक उसमें सफल भी है।

हाकम खान के सुम्बला के संगीत से सजे इस नाटक को मंच पर अजीत सिंह पालावत, इप्शिता चक्रवर्ती सिंह, पुनीत मिश्रा, महेश सैनी, भारती पेरवानी, भास्कर शर्मा ने पेश किया। सह निर्देशन चिराग खंडेलवाल ने किया। विक्रांत ठकार ने लाइट डिजाइनिंग और देविका काले ने कॉस्ट्यूम डिजाइनिंग की। टीम में शुभम पारीक, साहिल आहूजा, महादेव सिंह लखावत, शुभम बागरी, रितु शर्मा, नवीन शामिल रहे। शानदार प्रस्तुति देने के लिए दया दृष्टि चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. ब्रजेश्वर सिंह ने हुंकारो की टीम को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि थिएटर की दुनिया के ऐसे अद्भुत प्रयोगों को बरेली लाने के लिए विंडरमेयर की टीम ऐसी कोशिश जारी रखेगी।

## सार-संक्षेप

### पर्वतीय समाज के पदाधिकारियों ने शपथ ग्रहण की



**बरेली, अमृत विचार :** पर्वतीय समाज की बैठक रविवार को विद्युत विश्राम गृह में हुई, जिसमें नए पदाधिकारियों को शपथ ग्रहण कराई गई। अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह देवलिया ने कैप्टन मोहन सिंह बिष्ट, कैप्टन शेर सिंह बिष्ट (संरक्षक), मदन सिंह बिष्ट (उपाध्यक्ष), गोपाल सिंह राणा (अंकेक्षत्क), विनोद कुमार तिवारी (क्षेत्रीय सचिव कैंट), स्मारिका संपादक अशोक उप्रेती, सह संपादक गोपाल सिंह मेहरा, प्रदीप तिवारी, देवेन्द्र रावत, कार्यकारिणी सदस्य भैरव दत्त कबडवाल, दिनेश जोशी, पूरन सिंह मेहरा, किशन सिंह नेगी, कैलाश पांडे ने शपथ ग्रहण कराई। पदाधिकारियों ने दशहरे के अवसर होने वाली रामलीला और रिहर्सल के विषय में चर्चा की। महासचिव डॉ. नरेंद्र सिंह बिष्ट, कोषाध्यक्ष इंद्र सिंह बिष्ट, कुंवर सिंह बिष्ट, गिरीश चंद्र पाण्डे, चंद्र प्रकाश जोशी, उमेश बिनवाल, आनंद सिंह मेहता, दीपक धौनी, मोहित कबडवाल, पूरन सिंह मेहरा, संजय सिंह परमार, प्रभात गैरोला, पंचम सिंह बोनाल, महेश पाण्डे, जीत सिंह बोहरा, नरेंद्र सिंह नेगी, पुष्कर सिंह बोहरा, रवि आदि मौजूद रहे।

### राजा परीक्षित के जन्म का प्रसंग सुनाया



**बरेली, अमृत विचार :** श्री सोमनाथ मंदिर प्रभात नगर में श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन रविवार को आचार्य शंभू नाथ ' 'योगी' ने धुंधकारी चरित्र व राजा परीक्षित के जन्म का प्रसंग सुनाया। कथा में महामंडलेश्वर शिवानंद महाराज, भाजपा नेता प्रवीण भारद्वाज, मंदिर ट्रस्ट के अमर सिंह, अजय अग्रवाल, आशुतोष गोयल, भुवनेश अग्रवाल, रविंद्र शर्मा, तृप्ति शुक्ला, मनोज अग्रवाल आदि मौजूद रहे। मुख्य यजमान कृष्ण प्रताप सिंह और कल्पना सिंह रहीं।

### संगीत से एक अलग ही सुकून मिलता है



**बरेली, अमृत विचार :** विश्व संगीत दिवस पर नैनीताल रोड स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में संगीत संध्या का आयोजन हुआ। संगीतज्ञ अलका नवीन ने कहा कि संगीत से एक अलग ही तरह का सुकून मिलता है। संगीत को दुनिया की सबसे आसान और बेहतरीन भाषा मानी जाती है। प्रधानाचार्य सुनील कुमार सिंह ने विश्व संगीत दिवस के बारे में बताया। राजेश कुमार शर्मा ने कहा कि संगीत से फ्रेंच लोगों को खास जुड़ाव है। फ्रांसीसी लोगों की संगीत के प्रति इसी लगाव को देखते हुए 21 जून 1982 को संगीत दिवस मनाने की घोषणा हुई थी। नीलम मिश्रा, पूनम कश्यप, किरण राय, सतीश शर्मा, संजीव उपाध्याय, नितिन प्रजापति, आसाराम, रामकिशोर, बांकेलाल, हृदेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

### नियमित योग करने से कम होता है मानसिक तनाव



**बरेली, अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर श्री अग्रवाल सभा कल्याण सोसायटी के तत्वाधान में रविवार को पुरानी घी मंडी, आलमगीरीगंज स्थित शांति कुटीर धर्मशाला में योग शिविर आयोजित किया गया। योगाचार्य मीना सोधी ने योग कराया। पदाधिकारियों ने योगाचार्य को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। अध्यक्ष उमानाथ अग्रवाल ने कहा कि योग एक साधना है और यह जीवन जीने की कला है। 21 दिन योग करने पर शरीर की बीमारी समाप्त होने लगती हैं। संरक्षक एड. अजय कुमार अग्रवाल ने कहा कि नियमित योग करने से मानसिक तनाव कम होता है। शिविर में सूर्य नमस्कार, शीर्षासन, मंडूक आसान, ताड़ासन, पवनमुक्तासन, अनुलोम विलोम, प्राणायाम आदि योग क्रियाएं की गईं। शिविर संयोजक राजकुमार अग्रवाल, महामंत्री एड दिनेश कुमार अग्रवाल, आलोक अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, दिनेश अग्रवाल, मीडिया प्रभारी एड. हर्ष कुमार अग्रवाल, कमलेश अग्रवाल, सारिका अग्रवाल, प्रिया अग्रवाल, अनन्या अग्रवाल, डॉ. प्रियंका अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

### अकीदत से मनाई ईद-ए-मुबाहिला



**बरेली, अमृत विचार :** शिया समुदाय ने ईद- ए- मुबाहिला अकीदत के साथ मनाई। शनिवार देर रात अंजुमन गुलदस्ता ए हैदरी के सदर काजी इरफान अहमद उर्फ राजू की तरफ से गढ़ैया स्थित इमामबाड़ा में एक महफिल का आयोजन हुआ। जिसकी शुरुआत इमाम ए जुमा मौलाना शमसुल हसन खां और मौलाना आजिम हुसैन सेंथली ने अपनी तकरीर से की। उन्होंने ईद-ए- मुबाहिला की फजीलत बयान की और शायरों ने कलाम पेश किए। अंजुमन ऑल इंडिया गुलदस्ता ए हैदरी के मीडिया प्रभारी शानू काजमी ने बताया कि शिया समुदाय में ईद-ए-मुबाहिला के मौके पर खुशी का माहौल रहा। अंजुमन गुलदस्ता ए हैदरी के सचिव जफर अब्बास रिजवी सैफी, अतहर अब्बास नकवी, रजमी नकवी, अख्तर हुसैन रिजवी, सुहान नकवी, वसीम अहमद, इमरान अहमद, मोहम्मद, सोमिल अब्बास, अस्करी अब्बास, अदनान अब्बास नकवी, जमन रिजवी एडवोकेट मौजूद रहे।

# एक डॉक्टर पर दो प्रभार, मरीज कर रहे इंतजार

## शहरी क्षेत्र में कई स्वास्थ्य केंद्रों पर डॉक्टरों की कमी से परेशानी, 71 केंद्रों पर लगा जन आरोग्य मेला

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** स्वास्थ्य विभाग लंबे समय से डॉक्टरों की कमी से जूझ रहा है। कई स्वास्थ्य केंद्रों पर डॉक्टर नहीं हैं। कुछ केंद्रों के डॉक्टरों पर दो-दो प्रभार हैं। उन्हें दो केंद्रों की जिम्मेदारी संभालनी पड़ रही है। सबसे अधिक दिक्कत शहरी क्षेत्र के मरीजों को झेलनी पड़ रही है। रविवार को मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले के दौरान कई केंद्रों पर मरीज डॉक्टरों का इंतजार करते नजर आए। शहर के हरूनगला स्वास्थ्य केंद्र पर दोपहर करीब 12 बजे डॉक्टर की कुर्सी खाली नजर आई, जबकि स्टाफ मौजूद था।

स्टाफ ने पूछने पर बताया कि यहां तैनात डॉक्टर को एक अन्य केंद्र का भी प्रभार दिया गया है। जिसके चलते वहां भी मरीज देखने की जिम्मेदारी है। जिसके चलते डॉक्टर मौजूद नहीं हैं। सिर्फ डॉक्टर ही नहीं अन्य पैरामेडिकल, नर्सिंग स्टाफ की भी कमी है। मढ़ीनाथ स्वास्थ्य केंद्र पर तैनात लैब टेक्नीशियन को सप्ताह में तीन दिन शांति विहार स्थित केंद्र पर अटैच किया गया है। वहीं, सिविल लाइंस स्थित स्वास्थ्य केंद्र पर तैनात डॉक्टर को भी अन्य केंद्र का प्रभार दिया गया है। जिले में 71 स्वास्थ्य केंद्रों पर मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला आयोजित हुआ। फिलहाल, विभाग की ओर से शासन से पत्राचार करने के बाद डॉक्टरों की कमी को दूर करने की कोशिश की जा रही है। वॉक इन इंटरव्यू के माध्यम डॉक्टरों के चयन की प्रक्रिया चल रही है।



हरुनगला स्वास्थ्य केंद्र पर खाली पड़ी डॉक्टर की कुर्सी। • अमृत विचार

### त्वचा और बुखार रोगियों की संख्या अधिक रही

रविवार को मेले में 4 हजार से अधिक मरीजों को पंजीकरण हुआ, जिसमें 500 से अधिक त्वचा और 120 लोग बुखार से ग्रसित मिले। वहीं, मेले में 55 बच्चे भी इलाज के लिए पहुंचे। अधिकांश बच्चों में डायरिया के लक्षण मिले हैं।

### मुश्किल : अल्ट्रासाउंड जांच के लिए मिल रही 15 दिन से एक महीने के बाद की तारीख

- जिला महिला अस्पताल में लगातार बढ़ रही मरीजों की संख्या
- एक अल्ट्रासाउंड मशीन होने से दिक्कत, अफसर नहीं ले रहे सुध

**बरेली, अमृत विचार :** जिला महिला अस्पताल में अल्ट्रासाउंड जांच के लिए मरीजों को 15 दिन से एक महीने के बाद की तारीख मिल रही है। इसकी वजह से मरीजों को परेशानी हो रही है। शिकायत के बाद भी अफसर इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। रोज ओपीडी में 250 से 300 मरीज आते हैं। 100 से 120 मरीजों को डॉक्टर अल्ट्रासाउंड जांच कराने की सलाह दे रहे हैं। ऐसे में मरीज अल्ट्रासाउंड कक्ष के बाहर लाइन में लग जाते हैं लेकिन एक मशीन होने से रोजाना 60 से 70 मरीजों की जांच हो पाती है। स्टाफ अन्य मरीजों के पर्चे पर जांच के लिए अगली तारीख लिख देते हैं। कई मरीजों को 15 दिन से एक महीने तक का समय दिया जा रहा है। गंभीर मरीजों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है।

#### गंभीर मरीजों को दी जा रही प्राथमिकता

सीएमएस डॉ. त्रिभुवन प्रसाद ने बताया कि ओपीडी के साथ ही आईपीडी के मरीजों की भी अल्ट्रासाउंड जांच रोजाना होती है। हालांकि गंभीर मरीजों को प्राथमिकता दी जा रही है। एक मशीन होने से लोड बढ़ रहा है।

### छात्र पढ़ेंगे यातायात नियमों का पाठ

**बरेली, अमृत विचार :** जिले के माध्यमिक विद्यालयों में छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों को पाठ पढ़ाया जाएगा। शिक्षा और परिवहन विभाग की ओर से स्कूलों में जल्द जागरूकता अभियान शुरू होगा। इस दौरान परिवहन विभाग की वाट्सएप चैटबॉट सेवा की भी जानकारी दी जाएगी।

डीआईओएस डॉ. अजीत कुमार ने बताया कि जल्द जागरूकता अभियान की जिम्मेदारी सभी विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को सौंपी जाएगी। आरटीओ प्रवर्तन प्रणव झा के अनुसार अभियान के दौरान लोगों को बताया जाएगा कि वाट्सएप चैटबॉट नंबर 8005441222 पर सिर्फ हाय लिखकर भेजने पर परिवहन से जुड़ी सेवाओं की सूची प्राप्त की जा सकती है। कहा कि चैटबॉट एक स्वचालित प्रणाली है, जो उपयोगकर्ताओं के सवाल का तुरंत जवाब देती है। विभिन्न प्रक्रियाएं पूरी करने में मदद करती है।

### साइकिल रैली से दिया फिट रहने का संदेश

**बरेली, अमृत विचार:** भारतीय खेल प्राधिकरण प्रशिक्षण केंद्र (साई) में रविवार को फिट इंडिया मूवमेंट के तहत योगासन भारत संस्था के सदस्यों के साथ साइकिल रैली निकाली गई।

रैली शास्त्री चौक, बीआई बाजार, गांधी उद्यान होते हुए वापस साई केंद्र आकर समाप्त हुई। मुख्य अतिथि रितु अग्रवाल रहीं। योग आचार्य संदीप चौधरी, पवनेश यादव, श्वेता बिष्ट, रोहित शर्मा, मीना कुमारी, शुभम चौरसिया, कुलदीप चौधरी आदि उपस्थित रहे।

# रुद्राभिषेक यात्रा आज से होगी शुरू

- विभिन्न मार्गों से होते हुए त्रिवटीनाथ मंदिर पहुंचेगी
- नाथ नगरी बरेली जलाभिषेक समिति ने की बैठक

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** नाथ नगरी बरेली जलाभिषेक समिति ने रुद्राभिषेक के प्रथम चरण में निकाले जाने वाली जलाभिषेक शोभा यात्रा के संबंध में रविवार को शिविर कार्यालय सेठ गिरधारी लाल मंदिर में बैठक की।

मीडिया प्रभारी मनोज देवल ने बताया कि सोमवार को सेठ गिरधारी लाल मंदिर शहामतगंज से रुद्राभिषेक यात्रा आरंभ होगी। सभी शिव मंदिर में एकत्र होकर गंगाजली औ नन्दी ध्वज लेकर अपने वाहनों से रवाना होंगे। जलाभिषेक शोभा गंगापुर चौराहा, मूर्ति नर्सिंग होम, मैकेनियर रोड, सूद धर्मकांटा होते हुए बाबा त्रिवटीनाथ मंदिर पर पहुंचेगी। जहां पंडित मुकेश पांडेय विधि विधान से रुद्राभिषेक कराएंगे। शोभायात्रा की अगुआई कपिल गुप्ता, धर्मार्थ सक्सेना, पंकज देवल संभालेगे। उन्होंने बताया कि रविवार दोपहर महंत नीरज नयन दास ने तुलसी स्थल पर 24 घंटे महामंत्र का पाठ किया। समापन पर सोमवार शाम को भोले का जलाभिषेक किया जायेगा।

इस दौरान ब्रजवासी लाल अग्रवाल, आशुतोष अग्रवाल, पंकज देवल, रितेश अग्रवाल, अनुप अग्रवाल, शोभित अग्रवाल, बृजेश, जगदीश आदि लोग उपस्थित रहे।

### राधा कृष्ण के बंगले की हुई भव्य सजावट

**बरेली, अमृत विचार :** इस्कॉन मंदिर में रविवार को बंगला सजाने के बाद राधा कृष्ण को भोग लगाया गया और सामूहिक महामंत्र जाप किया गया। इस दौरान विशेष आरती की गई। इस्कॉन मंदिर के आचार्य भीम अर्जुन और आचार्य दीन गौर ने भक्तों का स्वागत किया। सभी श्रद्धालुओं ने नाम संकीर्तन, नाम रस जाप किया। एकादशी के दिन सभी भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर अतुल अग्रवाल, गिरधर गोपाल खंडेलवाल, राकेश खंडेलवाल, अशोक गोयल, विनय खंडेलवाल, नरसिंह मोदी, अनुपम कपूर, महेंद्र अग्रवाल, अशोक गुप्ता, भजन गायक जगदीश भाटिया आदि उपस्थित रहे।



सजा राधाकृष्ण का बंगला।

### श्री कृष्ण महोत्सव की शुरुआत

**आंवला, अमृत विचार :** कस्बे के रामनगर रोड स्थित एक बरात घर में श्री कृष्ण रासलीला महा महोत्सव की रविवार को शुरुआत हुई। श्री जगन्नाथ रथ यात्रा के उपलक्ष्य में आयोजित रासलीला का मंचन बरसाना से आए कलाकार कर रहे है।

रासलीला के पहले दिन देवकी विवाह, कंस का अत्याचार और श्रीकृष्ण जन्म की कथा का मंचन किया गया। आयोजकों ने बताया कि रासलीला का मंचन 29 जून तक रात्रि 8 बजे से रात्रि 11 बजे तक किया जाएगा। कार्यक्रम में पुरुषोत्तम खंडेलवाल, सूरजभान गुप्ता, संजय अग्रवाल उर्फ बॉबी, रानू अग्रवाल, अनूप सिंह, सुनील सिंह, राधाकृष्ण एडवोकेट, प्रभाकर शर्मा, रामवीर प्रजापति आदि मौजूद रहे।

# प्रशिक्षण पाकर गुजरात से लौटे गुरुजी बताएंगे परीक्षा में कैसे अच्छे अंक लाएं छात्र

- दोनों मास्टर ट्रेनर जिले के शिक्षकों को देंगे प्रशिक्षण

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** राजकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों को पढ़ाने के नए गुर सिखाए जाएंगे। इसमें आईआईटी गांधीनगर गुजरात के सीसीएल (सेंटर ऑफ क्रिएटिव लर्निंग) से पांच दिवसीय कार्यशाला में प्रशिक्षण लेकर आए जीआईसी के भौतिक विज्ञान के प्रवक्ता वीर बहादुर गंगवार और जीजीआईसी की प्रवक्ता डा. नमिता त्रिपाठी अहम भूमिका निभाएंगे।

परीक्षा में विद्यार्थी कैसे अच्छे अंक लाएं, इसकी शिक्षकों को ट्रेनिंग देंगे।

डीआईओएस डॉ. अजीत कुमार ने बताया कि पांच दिवसीय प्रशिक्षण के लिए दोनों प्रवक्ता 15 जून को बरेली से रवाना हुए थे। 16 से 20 जून तक प्रशिक्षण प्राप्त किया। शनिवार को दोनों बरेली पहुंचे। यह मास्टर ट्रेनर अब विद्यार्थियों की भौतिक, जीव और रसायन विभाग व गणित में रूचि बढ़ाने के लिए शिक्षकों को प्रशिक्षण देंगे। शिक्षकों को प्रशिक्षण देने के लिए स्थानीय स्तर पर शेड्यूल तैयार किया जाएगा। दोनों प्रवक्ताओं ने बताया कि प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद काफी उत्साहित हैं। प्रशिक्षण में उन्हें अपने-अपने विषय के बारे में विषय विशेषज्ञों से बहुत सारी बारीकियां सीखने को मिली हैं।



वीर बहादुर गंगवार।



डॉ. नमिता त्रिपाठी

### बाबा साहब के विचारों को करें आत्मसात

**बरेली, अमृत विचार :** बौद्ध समाज भारत की ओर से आयोजित दो दिवसीय प्रांतीय बौद्ध परिवार मिलन समारोह रविवार को संपन्न हुआ।

बौद्धाचार्य डॉ. शंकर लाल बौद्ध ने बताया कि समारोह में विभिन्न जिलों से सदस्यों ने बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर के विचारों पर चलकर जीवन को प्रगति के रास्ते पर ले जाने के लिए अपने विचार प्रस्तुत किए। दिल्ली के बौद्ध राज्य प्रतिनिधि राम प्रकाश बौद्ध, प्रतिपाल सिंह बौद्ध, इतेश कुमार बौद्ध, गोरखपुर से दिनेश कुमार बौद्ध, महेश बौद्ध, मेधांकर चंद्रमाणी, जगदीश प्रसाद बौद्ध, डॉ. अशोक कुमार बौद्ध, डॉ. राजेश कुमार बौद्ध, बलवीर बौद्ध आदि मौजूद रहे। संचालन बालक बौद्ध ने किया।

# नियमित सुंदरकांड का पाठ करने के लाभ बताए

- श्री सनातन धर्म मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा उत्सव के तृतीय सत्र में सुंदर कांड का वाचन हुआ

**बरेली, अमृत विचार :** श्री सनातन धर्म मंदिर में चल रहे 26 वें प्राण प्रतिष्ठा उत्सव के तृतीय सत्र में रविवार को सुंदर कांड का वाचन किया गया। जिसे अर्थ सहित संगीतमय एवं भावपूर्ण रूप से शल्य चिकित्सक डॉ बृजेश यादव ने प्रस्तुत किया।

उन्होंने कहा कि सुंदरकांड श्रीमद् वाल्मीकि रामायण का एक महत्वपूर्ण अध्याय है, जो भगवान श्रीराम के भक्त हनुमान के चरित्र और उनके लंका यात्रा का वर्णन करता है। सुंदरकांड में हनुमान जी लंका में जाकर माता सीता के पास पहुंचते हैं और उनके संदेश को भगवान राम तक पहुंचाते हैं। इस पाठ को नियमित रूप से पढ़ने से जीवन में आध्यात्मिक, मानसिक, भावनात्मक और भौतिक रूप से लाभ मिलता है। राम नाम जपियो रे, प्रभु मन बसिया रे, रामजी की गली में तुम जाना, वहां नाचते मिलेंगे हनुमान, श्री राम जानकी बैठे हैं मेरे सीने में देख लो आदि भजनों से वातावरण भक्तिमय हो गया। महामंत्री संजीव चांदना, कवल नयन सपरा, तिलकराज दूसेजा, नीलेश अग्रवाल, जनक राज, बृजमोहन कक्कड़, हरीश सेठी, संजीव मुखर्जी, पवन चांदना, अंकित सबलोक, जगदीश भाटिया, नवीन आनंद आदि उपस्थित रहे।



सुंदर कांड का वाचन करते डॉ. बृजेश।

# जिंदगी से हूं परेशान, आ रहे आत्महत्या जैसे विचार

## दो साल में जिला अस्पताल के मन कक्ष में पहुंचे ऐसे 133 मानसिक रोगी, हुई काउंसलिंग

- पारिवारिक कलह, आपसी मतभेद समेत कई कारण सामने आए

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** सोशल मीडिया का बढ़ता चलन, पारिवारिक कलह, आपसी मतभेद समेत अन्य कारण लोगों को मानसिक रोगी बना रहे हैं, जिनके मन में आत्महत्या करने जैसे विचार आ रहे हैं।

दो सालों में जिला अस्पताल के मन कक्ष में ऐसे 133 मानसिक रोगी पहुंचे, जिन्होंने काउंसलिंग में यह बात बताई। कुछ ने बताया कि वे आत्महत्या करने की कोशिश भी कर चुके हैं। ऐसे मानसिक रोगियों की संख्या लगातार बढ़ रही है।

मन कक्ष प्रभारी डॉ. आशीष बताते हैं कि दो सालों में तमाम मरीज ऐसे सामने आए, जिन्होंने काउंसिलिंग में बताया कि वे जिंदगी से परेशान हैं, आत्महत्या करने जैसे विचार उनके मन में आते हैं। कुछ ऐसे भी मरीज थे, जो कि आत्महत्या करने का प्रयास तक कर चुके थे। उसके बाद इलाज के लिए पहुंचे, हालांकि इन मरीजों की कई सत्र में काउंसिलिंग की गई। जिससे अब वे सामान्य हैं।

### मिर्गी के मरीजों में भी इजाफा

मिर्गी के मरीजों की संख्या भी बढ़ी है। करीब दो वर्षों से तीन सौ बेड अस्पताल में सीटी स्कैन यूनिट शुरू होने से मरीजों को त्वरित जांच के साथ ही समय पर इलाज भी मिल रहा है। वर्ष 2023-24 तक जहां मन कक्ष में आए मिर्गी से ग्रसित मरीजों की संख्या 793 थी, जो वर्ष 2024-25 में बढ़कर 1169 पहुंच गई है।

### नशा खोरी की जद में आ रहे युवा

मन कक्ष की रिपोर्ट के अनुसार सबसे अधिक युवा नशा के लती हो रहे हैं। काउंसलिंग के दौरान कई कम उम्र के मरीजों ने नशीले पदार्थों का सेवन करने की भी बात बताई। जिसमें शराब, चरस, गांजा और स्मैक शामिल है। वर्ष 2023-24 तक मन कक्ष में 360 मरीजों का इलाज चल रहा था, जो 2024-25 में बढ़कर 729 तक पहुंच गया है। इनमें 25 से 35 साल तक के युवा मरीजों की संख्या अधिक है।

### 8536 मरीज मानसिक विकार की जद में

मन कक्ष की रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2023-24 तक मन कक्ष में 5493 मरीज सामान्य मानसिक विकार जैसे अवसाद, अनिंद्रा, सिजोफ्रेनिया समेत अन्य रोग से ग्रसित मिले थे। वर्ष 2024-25 में ये आंकड़ा बढ़कर 8536 हो गया। इन मरीजों में 20 फीसदी मरीज युवा हैं, जो कि सोशल मीडिया व अन्य प्लेटफार्म का अधिक उपयोग करने से मनोरोग की चपेट में आए हैं। वहीं साइकोसिस यानी मनोविकृति के मरीजों की संख्या 419 से बढ़कर 596 तक पहुंच गई है। यह रिपोर्ट शासन को भेजी गई है। मन में आत्महत्या जैसे विचार आने वाले मरीजों की संख्या भी 133 से बढ़कर 232 पहुंच गई है।

### रोहित खरे जिलाध्यक्ष और धनेश्वर बने मंडल अध्यक्ष





कार्यक्रम में मौजूद संगठन के पदाधिकारी।

**बरेली, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश बेसिक हेल्थ वर्कर एसोसिएशन का चुनाव 300 बेड अस्पताल में रविवार को हुआ।

चुनाव अधिकारी डिप्टी सीएमओ डॉ. अमित कुमार और अपर शोध अधिकारी अजय पाल गंगवार की उपस्थिति में एसोसिएशन का जिलाध्यक्ष रोहित खरे, व रिष्ठ उपाध्यक्ष अजय कुमार सिंह, उपाध्यक्ष मुकेश गंगवार, कोषाध्यक्ष खान जुनैद, मंत्री आकाश सक्सेना, संगठन मंत्री हेलेंद्र सागर, संप्रेक्षक जितेंद्र यादव नामित किए गए। वहीं संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष धनंजय तिवारी द्वारा धनेश्वर गिरी को मण्डल अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया।

खबरें www.amritvichar.com पर भी पढ़ें

रूहेलखण्ड कमिश्नरी का प्रथम विधि विद्यालय
SHRIJI INSTITUTE OF LEGAL Vocational Education & Research
Estd. 2003
(SILVER LAW COLLEGE)
(Approved by BCI & Affiliated to MJPRU)
ADMISSION OPEN 2025-26
DIRECT ADMISSION
LL. B. 3 Yrs. Course After Graduation
B.A. LL.B. 5 Yrs. Course After 12th
College Code : 119
General 45%, OBC 42%, SC/ST 40%
(in Intermediate & Graduation)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें :
9837485855, 9411472001
7983811321, 7906220708, 9068232656
Email.: ravibhatnagar.slcbly@gmail.com
Add : Vill. Barkhapur, PO. Mudia Ahamad Nagar,12th Km. Pilibhit Road, Bareilly

सरदार वल्लभ भाई पटेल डिग्री कॉलेज
भोजीपुरा, बरेली
निःशुल्क प्रवेश सत्र 2025-26
स्नातक प्रथम वर्ष
B.A. B.Sc. B.Com. B.Sc. Home Science B.B.A. B.C.A.
अन्य संचालित कोर्स
M.A. M.Sc. M.Sc. Home Science M.A. Home Science M.A. Drawing & Painting
D. Pharma COLLEGE CODE : 2143/3059 B.El.Ed. D.El.Ed.(BTC) B.Ed.
Contact No.
9412287776, 9412288876
9412288878, 9457507777
चेयरमैन -
डा. हरीशंकर गंगवार
9412287777

वर्ष 1988 से खुसरो मैमोरियल ट्रस्ट द्वारा संचालित
खुसरो कॉलेज
स्लीपर रोड सी.बी.गंज, बरेली
फोन 7417587162, 8923928009
Courses Offered:
B.A., B.Sc, B.Com, B.B.A., BCA, M.Com, M.Sc. (Chemistry, Physics, Zoology, Botany, Mathematics) M.A. (English, Hindi, Economics) Sociology, Political Science, Urdu, Education, History
नोटः- इस वर्ष आधी फीस पर प्रवेश

